# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in

BRLPS/LSBA/Accts/60/18/289 दिनांक : 11.07.18

प्रेषक :

बालामुरुगन डी., भा. प्र. से.
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-मिशन निदेशक,

सेवा में,

जिला पदाधिकारी - सह- अध्यक्ष,
जिला जल एवं स्वच्छता समिति,
गया, गोपालगंज, कैमूर, नालंदा, नवादा, पश्चिम चम्पारण, पटना, सिवान, सीतामढ़ी, शिवहर एवं वैशाली
बिहार ।

विषय : स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना एवं गंगा कार्य योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2017-18 का जिलावार व्यय विवरणी का राज्य खाते से मिलान के सम्बन्ध में ।

प्रसंग : कार्यालय पत्रांक 132 दिनांक 19-05-2018 एवं 237 दिनांक 27-26-2018

महाशय,

उपर्युक्त विषय के प्रसंग में खेद के साथ सूचित करना है कि लोहिया स्वच्छ बिहार योजना के लेखा मिलान हेतु पूर्व निर्धारित तिथि सूचित किये जाने के उपरांत भी आपके जिले के लेखा संधारण के लिए उत्तरदायी कर्मियों की उदासीनता के कारण अभीतक लेखा मिलान का कार्य पूरा नहीं हो सका । विदित हो की अगले सप्ताह से इस कार्यक्रम के लेखा पुस्तिकाओं का वैधानिक अंकेक्षण कार्य प्रारम्भ हो जायेगा तथा जिला का लेखा विवरणी उपलब्ध नहीं होने के कारण अंकेक्षण कार्य प्रभावित होगा । समय से अंकेक्षित लेखा एवं अंकेक्षण प्रतिवेदन नहीं प्रेषित होने से भारत सरकार से मिलने वाले अनुदान के दूसरे क़िस्त के विमुक्ति भी वाधित होगी ।

उपरोक्त जिलों के लेखा मिलान हेतु अंतिम रूप से दिनांक 16-07-2018 एवं दिनांक 17-07-2018 को जीविका के बिस्कोमान भवन के पांचवे तले में स्थित सभागार में किया जायेगा । यदि इस निर्धारित तिथि तक जिले का लेखा मिलान कर वित्तीय विवरणी प्राप्त नहीं होती है, तो एक मात्र विकल्प शेष होगा कि जिले का इन कार्यक्रमों पर व्यय शुन्य मानते हुए जिले द्वारा वित्तीय वर्ष के दौरान निकासी की गई संपूर्ण राशि जिला जल एवं स्वच्छता समिति को अग्रिम के रूप में लेखंकित की जाये ।

अतः आपसे अनुरोध है की कृपया लेखा से सम्बंधित पदाधिकारी एवं जिला समन्वयक को सभी आवश्यक अभिलेखों के साथ निर्धारित तिथि को लेखा मिलान कर वित्तीय विवरणी समर्पित करने का निर्देश अपने स्तर से देने की कृपा करें ।

विश्वासभाजन

11/07/18

(बालामुरुगन डी.)
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी- सह- मिशन निदेशक,

ज्ञापांक BRLPS/LSBA/Accts/60/18/289 दिनांक 11.07.18

प्रतिलिपि :

1. जिला समन्वयक (LSBA), सभी सम्बंधित जिलें को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित;
2. उप विकास आयुक्त- सह- उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित
3. सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

11/07/18

(बालामुरुगन डी.)
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-
सह- मिशन निदेशक,

11/07/2018